DAINIK BHASKAR, Jodhpur, 5.11.2018

Page No. 15, Size:(9.49)cms X (5.86)cms.

आधार का छह महीने से पहले का ऑथेंटिकेशन डेटा हटाया जा रहा है

नई दिल्ली | यूआईडीएआई के सीईओ अजय भूषण पांडेय ने कहा है कि आधार कार्ड ऑथेंटिकेशन का छह माह से पहले का डेटा हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों आधार की अनिवार्यता पर फैसले में इस संबंध में निर्देश दिए थे। अजय भूषण पांडेय के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बाहर से आए लोगों का आधार नहीं बनना चाहिए, इसे देखते हुए हमने अपनी प्रक्रिया की समीक्षा करना शुरू कर दिया है कि हम दस्तावेजों की जांच को और अधिक कठोर कैसे बना सकते हैं।